लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व).
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी चेतन देवड़ा, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 80 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 17.09.2019

श्री कमल टेलर पिता मोडू लाल टेलर PG-69, RPS कॉलोनी, रावतभाटा पोस्ट भाभानगर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

निर्णय

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

दिनांक 01.10.2019

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 17.07.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 80 / 2019 / (01.10) / 501 दिनांक 17.09.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 01.10.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 01.10.19 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र दिनांक 26.09.2019 से अपना पक्ष रखा कि उसे लोक सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 07.09.2019 को कुल 6 पेज की सूचना उपलब्ध कराई जो आवेदन के अनुसार नहीं होकर अपूर्ण है अतः पूर्ण सूचना निः शुल्क उपलब्ध करावें। लोक सूचना

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौडगढ (राज.)

प्रकरण संख्या 80/2019 (सू.अ.)
श्री कमल टेलर RPS कॉलोनी, रावतभाटा बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशा.), चित्तौड़गढ़

अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/137 दिनांक 20.09.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

1. यह है कि प्रार्थी श्री कमल टेलर पिता मोडू लाल टेलर निवासी PG-69 RPS कॉलोनी, रावतभाटा पोस्ट भाभानगर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 17.07.2019 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 18.07.2019 को प्राप्त होना सही है।
2. यह है कि प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2019/2234 दिनांक 04.09.2019 से कुल किता 06 के निः शुल्क सूचना भिजवा दी गई है। पत्र की प्रति संलग्न है।
3. यह है कि प्रार्थी को विधिवत सूचना उपलब्ध करा दिये जाने से अब इस प्रकरण पर कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं रहती है। अतः प्रस्तुत प्रथम अपील पर जवाब स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील निरस्त योग्य होने से अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2018/137 दिनांक 20.09.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा उसके द्वारा वांछित सूचना कुल किता–06 उपलब्ध कराई जा चुकी है किन्तु अपीलार्थी ने पुनः प्रार्थना पत्र दिनांक 26.09.2019 से मौजा बडौदिया एवं रावतभाटा में सम्वत् 2000 में सेटलमेंट के समय कायम किए गए सूची सीमा चिन्ह तथा मौजा बडौदिया एवं रावतभाटा के सम्पूर्ण (एक्जाई) नक्शा ट्रेस की प्रमाणित प्रति उपलब्ध नहीं कराने का निवेदन किया है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौडगढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 80 / 2019 (सू.अ.)
श्री कमल टेलर RPS कॉलोनी, रावतभाटा बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशा.), चित्तौड़गढ़

अतः अपील अपीलार्थी आंशिक स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत नकल आवेदन में वर्णित बिन्दु संख्या एक एवं दो की सूचना की प्रमाणित प्रति निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देशों के साथ अपील निस्तारित की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी • जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(चेतन देवड़ा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./80/2019(सू.अ.)/545 दिनांकः– 03/10/2019

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. श्री कमल टेलर पिता मोडू लाल टेलर PG-69, RPS कॉलोनी, रावतभाटा पोस्ट भाभानगर

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Chetan Ram Deora
Date: 2019.12.24 12:29:21 IST
Reason: SelfAttested
Location: